चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....

दिनांक ....28.11.2020.... पृष्ठ संख्या ....4.... कॉलम ....4-8....

# 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर 3 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू'

हिसार, 27 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में 3 दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इसका आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डा. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं, लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की सही तकनीक के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। डा. सुरेंद्र सिंह ने मूंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी दी। डा. डी.के. शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।



*प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों से ऑनलाइन विचार-विमर्श करते वैज्ञानिक।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......

दिनांक 28.11.2020....पृष्ठ संख्या......2..........कॉलम......4-5......

# घर बैठे सीखें सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद बनाना

जागरण संवाददाता, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डा. आरएस हुड्डा के मार्गदर्शन व देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक(प्रशिक्षण) डा. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकि व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से लाभ उठाने का आह्वान किया।

**20 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण :** इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान मूंगफली व सोयाबीन से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की विधियों पर विज्ञानी अपने व्याख्यानों से प्रतिभागियों को अवगत करवाएंगे और लाभ की जानकारी देंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......

दिनांक ..28.11.2020.....पृष्ठ संख्या.....2.............कॉलम.....1-2.........

## एचएयू में 3 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू



**हिसार** | एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं, लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मूंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी दी। डॉ. डीके शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......

दिनांक ...28.11.2020...पृष्ठ संख्या......3......कॉलम......1-2......

## एचएयू में चल रहा ऑनलाइन प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस दौरान संस्थान के सहनिदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं, लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। डॉ. डीके शर्मा ने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मूंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | **27.11.2020** | —— | -- |

'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू

# घर बैठे ही सीख रहे सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद बनाना

**हिसार (सच कहूँ न्यूज)।**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा के मार्गदर्शन व देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मूंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में बताया कि सोयाबीन व मूंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डीके शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मूंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया और घर पर ही इनके उत्पाद तैयार करने का असाइनमेंट दिया। उन्होंने कहा कि इनके उत्पाद तैयार करने के लिए घर पर ही मौजूद मिक्सर, ग्राइंडर व अन्य सामान का उपयोग किया जा सकता है।



**डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मूंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में बताया कि सोयाबीन व मूंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डीके शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया।**

## 20 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण

इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान मुंगफली व सोयाबीन से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की विधियों पर वैज्ञानिक अपने व्याख्यानों से प्रतिभागियों को अवगत करवाएंगे और इनसे अधिक लाभ कमाने के बारे में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षण संबंधी उनके अनुभवों को लेकर विचार-विमर्श भी करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | **27.11.2020** | —— | -- |

# घर बैठे ही सीख रहे सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद बनाना

## 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा के मार्गदर्शन व देखरेख में किया जा रहा है।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक(प्रशिक्षण)डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मुंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन व मुंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डी.के. शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया।

उन्होंने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मुंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया और घर पर ही इनके उत्पाद तैयार करने का असाइनमेंट दिया।

### 20 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण

इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान मुंगफली व सोयाबीन से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की विधियों पर वैज्ञानिक अपने व्याख्यानों से प्रतिभागियों को अवगत करवाएंगे और इनसे अधिक लाभ कमाने के बारे में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षण संबंधी उनके अनुभवों को लेकर विचार-विमर्श भी करेंगे।

## गुजविप्रौवि हिसार के सात विद्यार्थियों का बैंगलोर स्थित कंपनी में हुआ चयन

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों का चयन बैंगलोर स्थित पिनक्लिक प्रॉपर्टी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के ई-कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अवनीश वर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्लेसमैंट निदेशक प्रताप सिंह ने बताया कि ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन कंपनी द्वारा किया गया था। इस ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमबीए के 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से कम्पनी द्वारा अंतिम वर्ष के सात विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। प्लेसमैंट निदेशक ने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट समन्वयक डा. अंजलि सिंघल व प्रमोद का विद्यार्थियों को प्रेरित करने व मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है। सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमबीए-2021 पासआऊट बैच के भावेश, सागर, रोहित, रजत, पंकज, मोहित तथा मनीष कुमार रोहिल शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | **27.11.2020** | —— | -- |

# 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मुंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन व मूंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डी.के. शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | **27.11.2020** | —— | -- |

# घर बैठे ही सीख रहे सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद बनाना

**'सोयाबीन व मुंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू**

**पांच बजे न्यूज**



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मुंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा के मार्गदर्शन व देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक(प्रशिक्षण)डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मुंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मुंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन व मुंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डी.के. शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मुंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया और घर पर ही इनके उत्पाद तैयार करने का असाइनमेंट दिया। उन्होंने कहा कि इनके उत्पाद तैयार करने के लिए घर पर ही मौजूद मिक्सर, ग्राइंडर व अन्य सामान का उपयोग किया जा सकता है।

**20 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण**

इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान मुंगफली व सोयाबीन से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की विधियों पर वैज्ञानिक अपने व्याख्यानों से प्रतिभागियों को अवगत करवाएंगे और इनसे अधिक लाभ कमाने के बारे में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षण संबंधी उनके अनुभवों को लेकर विचार-विमर्श भी करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | **28.11.2020** | —— | -- |

# घर बैठे ही सीख रहे सोयाबीन व मूंगफली के उत्पाद बनाना

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 28 नवम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मूंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा के मार्गदर्शन व देखरेख में किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मूंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आहवान किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मूंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन व मुंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डी.के. शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मुंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया और घर पर ही इनके उत्पाद तैयार करने का असाइनमेंट दिया। उन्होंने कहा कि इनके उत्पाद तैयार करने के लिए घर पर ही मौजूद मिक्सर, ग्राइंडर व अन्य सामान का उपयोग किया जा सकता है। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान मूंगफली व सोयाबीन से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की विधियों पर वैज्ञानिक अपने व्याख्यानों से प्रतिभागियों को अवगत करवाएंगे और इनसे अधिक लाभ कमाने के बारे में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षण संबंधी उनके अनुभवों को लेकर विचार-विमर्श भी करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | **28.11.2020** | —— | -- |

# मुंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता की जानकारी दी शिविर में

**हिसार**/27 नवंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय 'सोयाबीन व मुंगफली के मूल्य संवर्धन उत्पाद' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि किसान सोयाबीन व मुंगफली का उत्पादन तो कर लेते हैं लेकिन उनके खाद्य उत्पाद तैयार करने की तकनीकी व सही जानकारी के अभाव में उचित दाम हासिल नहीं कर पाते। इसलिए किसान विश्वविद्यालय से सोयाबीन व मुंगफली के उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण हासिल कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने मुंगफली व सोयाबीन की आहार महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन व मुंगफली और इनके उत्पाद संतुलित आहार का अभिन्न अंग हैं। डॉ. डीके शर्मा ने इन दोनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने घरेलू स्तर सोयाबीन व मुंगफली से दूध व अन्य उत्पाद तैयार करने की विधि से अवगत कराया और घर पर ही इनके उत्पाद तैयार करने का असाइनमेंट दिया। उन्होंने कहा कि इनके उत्पाद तैयार करने के लिए घर पर ही मौजूद मिक्सर, ग्राइंडर व अन्य सामान का उपयोग किया जा सकता है। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....हरि भूमि....

दिनांक ...28. 11. 2020... पृष्ठ संख्या ...9... कॉलम ...2-8...

एचएयू के गिरी सेंटर में खिलाड़ियों की सुविधाएं बढ़ीं

# गिरी सेंटर में पांच करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार, मुख्यमंत्री मनोहर लाल कल करेंगे उद्घाटन

एचएयू कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गिरी सेंटर में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को ओर बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे।

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अभिनंदन समारोह में फेरबदल हिसार में भी 11 अलग-अलग स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीयस्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे।

### इंग्लैंड से मंगवाया सामान

मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत आई है जिसके लिए अनुदान केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है। इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इस ट्रैक में प्रयोग किया गया सभी

**खास बातें**

- ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है।
- कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ सहित अन्य बड़े नेता भी समारोह में

### वर्ष 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथेटिक ट्रैक



सिंथेटिक ट्रैक के उद्घाटन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देते कर्मचारी।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरी सेंटर में सिंथेटिक टैरक बनाया गया था जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में अपनी तरह का पहला सिंथेटिक टैरक था। मौजूदा समय में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों को देखते हुए पहले वाला ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था।

### आज सभी 90 हलकों में होगा वर्चुअल संवाद



हिसार। कोविड-19 के मद्देनजर जारी नए दिशा-निदेशों के चलते हिसार के पुराना
राजकीय कॉलेज मैदान में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग द्वारा आयोजित किए जाने वाले
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अभिनंदन समारोह के कार्यक्रम में फेरबदल किया गया
है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को लोक
निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पुराना राजकीय कॉलेज
मैदान में होने वाले समारोह को सीमित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल
कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश
धनखड़ सहित अन्य बड़े नेता भी समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि
हिसार में मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त 11 ऐसे प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां पर
एलईडी स्क्रीन लगाकर रैली का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ये स्क्रीन मिलगेट, गांव गंगवा, आजाद नगर स्थित कबीर
छात्रावास, गांव शाहपुर, आर्य नगर, आदमपुर, उकलाना, बरवाला, नारनौंद व हांसी में लगाई जाएंगी। हांसी में भाजपा
विधायक विनोद भ्याणा तथा अन्य सभी जगहों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि
हरियाणा के सभी 90 हलकों में भी स्क्रीन लगाकर सीमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डिप्टी स्पीकर ने आरोप
लगाया कि हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसानों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, ऐसे में हुड्डा को विधानसभा
में खुली चुनौती दी गई थी कि कृषि कानून के बारे में वह जितनी देर चाहे बहस कर सकते हैं, पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कृषि
कानून के मुद्दे पर एक भी बात नहीं सामने रखी। वही किसानों पर हो रहे लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले व वाटर कैनन
का प्रयोग पर रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार को लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था को कायम रखना अति आवश्यक है और
प्रदेश सरकार फिलहाल वही कर रही है।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार**
**लोक संपर्क कार्यालय**

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी

दिनांक: 28.11.2020 पृष्ठ संख्या: 3 कॉलम: 4-8

# 'एच.ए.यू. के गिरि सैंटर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हो सकेंगे तैयार'

■ करीब 5 करोड़ की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार ■ मुख्यमंत्री 29 को करेंगे उद्घाटन

हिसार, 27 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थित गिरि सैंटर में अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है, जिसका उद्घाटन 29 नवम्बर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत आई है जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एच.ए.यू. की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है।

इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इसमें प्रयोग किया गया सभी सामान मेड इन यूरोप है, जिसे इंग्लैंड से मंगवाया गया है। इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है।



*मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आगमन से पूर्व सिंथेटिक ट्रैक के उद्घाटन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देते कर्मचारी।*

## खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं अनुसार कर सकेंगे अभ्यास : कुलपति

एच.ए.यू. के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि गिरि सैंटर में बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथैटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरि सैंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा। इस सिंथैटिक ट्रैक व अंतर्राष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवम्बर को यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि करेंगे।

## 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथैटिक ट्रैक

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरि सैंटर में सिंथैटिक ट्रैक बनाया गया था जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में अपनी तरह का पहला सिंथैटिक ट्रैक था। मौजूदा समय में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों को देखते हुए पहले वाला ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था। इसी लिए इस ट्रैक का जीर्णोधार किया गया है।

## वर्ल्ड एथलैटिक्स संस्था से मिला क्लास-वन प्रमाण-पत्र

सहायक छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डा. सुशील लेगा के अनुसार इस ट्रैक को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथलैटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। यह संघ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एथलैटिक्स खेलों के आयोजन, संचालन और उसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन संबंधी सभी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस ट्रैक में अब एथलैटिक्स की खेल गतिविधियां, जिनमें बाधा दौड़, रिले दौड़, चक्का फैंकना, भाला फैंकना, गोला फैंकना, लंबी कूद, छोटी कूद आदि आयोजित की जा सकेंगी।

## 50 साल बाद हुई गिरि सैंटर की फेस लिफ्टिंग

गिरि सैंटर भवन की फेस लिफ्टिंग (रिनोवेशन), ट्रैक के अंदर वाले क्षेत्र में लगाई गई घास, रास्तों पर इंटरलॉकिंग टाइलें आदि पर करीब एक करोड़ रुपए की लागत आई है, जिसे विश्वविद्यालय ने अपने बजट से तैयार करवाया है। इस भवन का निर्माण 1970 में किया गया था जब विश्वविद्यालय बना था। इसकी फेस लिफ्टिंग (रिनोवेशन), लैंड स्केपिंग व इंटरलॉक रास्ते बनाने से इसकी शोभा को चार चांद लग गए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 29.11.2020 पृष्ठ संख्या 2 कॉलम 1-5

# हाई सिक्योरिटी में रहेंगे सीएम, हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक लगाए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

जागरण संवाददाता, हिसार: पिछड़ा वर्ग द्वारा सीएम मनोहर लाल का रविवार को अभिनंदन समारोह पुराना गवर्नमेंट कालेज मैदान में आयोजित होगा। इसको लेकर शनिवार को तैयारियां चलती दिखाई दीं। इस मैदान में 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही शहर के 11 अलग-अलग क्षेत्रों में एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा। यहां पर भी एक-एक अधिकारी को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट प्रशासन ने तैनात किया है। वहीं प्रदेशभर में 90 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से इस कार्यक्रम के लोग गवाह बन सकेंगे। खास बात यह है कि सीएम की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक अलग-अलग अधिकारी सीएम की जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इस कार्यक्रम के लिए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व अन्य भाजपा के नेता अलग-अलग जाकर लोगों को निमंत्रण भी दे रहे थे।

### अधिकारियों को ये दी गई हैं जिम्मेदारियां

स्थान: ड्यूटी मजिस्ट्रेट
हेलीपैड: बीडीपीओ, हिसार 2
रास्ते पर: तहसीलदार, हांसी
कार्यक्रम स्थल पर: तहसीलदार, हिसार

### कानून व्यवस्था बनाने के लिए ये अधिकारी

| | |
|---|---|
| ड्यूटी मजिस्ट्रेट | 9 |
| डीएसपी | 9 |
| रिजर्व अफसर | 6 |

### अधिकारियों को ये दी गई हैं जिम्मेदारियां

- एसपी पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करेंगे
- संयुक्त आयुक्त नगर निगम शहर में सफाई व्यवस्था ठीक रखेंगे
- सिटीएम एचएयू में जिम्मेदारी संभालेंगे
- एसडीएम हिसार कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे
- फायर अधिकारी फायर ब्रिगेड गाड़ी उपलब्ध कराएंगे।

### ये है सीएम के कार्यक्रम का शेड्यूल

10:30 : एचएयू में हेलीपैड पर उतरेंगे
11:00 : एचएयू में सिंथेटिक ट्रेक व इंटरनेशनल साइंटिस्ट हॉस्टल का शुभारंभ करेंगे
1:00 : पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह
2:30 : एचएयू में हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे



एचएयू में सीएम के आगमन से पूर्व शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था व कार्यक्रम स्थल का दौरा कर अन्य तैयारियों का जायजा लेते कुलपति प्रोफेसर समर सिंह, उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी। • विज्ञप्ति

## सीएम के आने से पहले अफसरों ने एचएयू में कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण

जासं, हिसार: चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को सीएम मनोहर लाल सिंथेटिक ट्रैक और इंटरनेशनल साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर शनिवार को डीसी डा. प्रियंका सोनी, कुलपति प्रो. समर सहित व एसपी बलवान सिंह राणा ने तैयारियों का जायजा लिया। यहां सीएम सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर आएंगे। उनका यहां दो घंटे का कार्यक्रम होगा। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था व मुख्यमंत्री के लिए बनाए गए रूट का भी दौरा किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, खेल व युवा मामलों, प्रिंटिंग और स्टेशनरी के राज्य मंत्री संदीप सिंह व हिसार के विधायक डा. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। जबकि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व हिसार के विधायक डा. कमल गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....


दिनांक 29.11.2020 ....पृष्ठ संख्या ....12.... कॉलम ....1-4....

तैयारी पूरी • सुबह 10:30 बजे आएंगे मनोहर लाल, एचएयू में दो घंटे चलेगा कार्यक्रम

# सीएम आज करेंगे 5 करोड़ से तैयार सिंथेटिक ट्रैक और इंटरनेशनल साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री एचएयू में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर आएंगे और उनका यहां दो घंटे का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को कुलपति प्रो. समर सिंह, डीसी डॉ. प्रियंका सोनी व एसपी बलवान सिंह राणा ने एचएयू में पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था व मुख्यमंत्री के लिए बनाए रूट का दौरा किया। एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले गिरी सेंटर में बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इसमें विस के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, खेल व युवा मामलों, प्रिंटिंग और स्टेशनरी के राज्य मंत्री संदीप सिंह व हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। विस के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आगमन से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था व कार्यक्रम स्थल का दौरा कर अन्य तैयारियों का जायजा लेते एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह, उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी व एसपी बलवान सिंह राणा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक 28.11.2020 ....पृष्ठ संख्या.......4........कॉलम.......1-5.......

**सुविधा** एचएयू के गिरी सेंटर में 29 नवंबर को सीएम पांच करोड़ से बने सिंथेटिक रेसिंग ट्रैक का करेंगे उद्घाटन

# सिंथेटिक ट्रैक तैयार, अंतरराष्ट्रीय खेलों को मिलेगा बढ़ावा

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित गिरी सेंटर में पांच करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को सीएम मनोहर लाल करेंगे। ट्रैक को बनाने के लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है।

यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई। ट्रैक का निर्माण मुंबई की स्पोर्ट्स फेसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है।

खास बात है कि सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण में यूरोप में बने सामान का प्रयोग किया गया, जिसमें इंग्लैंड से मंगाया गया था। इसके साथ ही इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है।



एचएयू के गिरी सेंटर में तैयार किया गया सिंथेटिक ट्रैक, जिसका 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल उद्घाटन करेंगे। • जागरण

> अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को और बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरी सेंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा।
>
> **प्रो. समर सिंह**, कुलपति, एचएयू।

### एथलेटिक्स संस्था से मिला क्लास-वन प्रमाणपत्र

सहायक छात्र कल्याण निदेशक(खेल) डा. सुशील लेगा के अनुसार इस समय जो सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है,उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथलेटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि इस ट्रैक में अब एथलेटिक्स की खेल गतिविधियां जिनमें दौड़ व चक्का फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक और कूदने वाले खेल जिसमें लंबी कूद, छोटी कूद शामिल हैं, आयोजित किए जा सकेंगे।

### 50 साल बाद हुई गिरी सेंटर की फेस लिफ्टिंग

गिरी सेंटर के भवन की फेस लिफ्टिंग(रिनोवेशन), ट्रैक के अंदर वाले क्षेत्र में लगाई गई घास, रास्तों पर इंटरलॉकिंग टाइलें आदि पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसे विश्वविद्यालय ने अपने बजट से तैयार करवाया है। गिरी सेंटर के इस भवन का निर्माण आज से करीब 50 वर्ष पूर्व 1970 में किया गया था, जब विश्वविद्यालय बना था। इसकी फेस लिफ्टिंग (रिनोवेशन), लैंड स्केपिंग व इंटरलॉक रास्ते बनाने से इसकी शोभा को चार चांद लग गए हैं।

### वर्ष 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथेटिक ट्रैक

विवि के छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया था, जो प्रदेश में अपनी तरह का पहला ट्रैक था। वह ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था। इसीलिए इस ट्रैक का जीर्णोद्धार किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........

दिनांक 29.11.2020 पृष्ठ संख्या 1 कॉलम 5-8

# 'आज एच.ए.यू. में आएंगे मुख्यमंत्री, गिरि सैंटर में सिंथैटिक ट्रैक व इंटरनैशनल सांइटिस्ट हॉस्टल का करेंगे उद्घाटन'



पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बातचीत करते हुए। (नारंग)

हिसार, 28 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 29 नवम्बर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि गिरि सैंटर में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथैटिक ट्रैक का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री एच.ए.यू. में सुबह 10.30 बजे आएंगे और उनका यहां 2 घंटे का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह, उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी व एस.पी. बलवान सिंह राणा ने जायजा लिया।

कुलपति प्रो. समर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले गिरि सैंटर में बने अंतर्राष्ट्रीय सिंथैटिक ट्रैक व बाद में अंतर्राष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, खेल व युवा मामलों, प्रिंटिंग और स्टेशनरी के राज्य मंत्री संदीप सिंह व हिसार के विधायक डा. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

इस मौके पर उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी, पुलिस अधीक्षक बलवान सिंह राणा ने पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में रविवार को पिछड़ा वर्ग द्वारा आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अभिनंदन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा भी वहां पर पहुंचे और अधिकारियों से कार्यक्रम की समीक्षा की।

## कृषि मंत्री दलाल आज बड़वा में

सिवानी मंडी (पोपली) : प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल रविवार को बड़वा आएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए भाजपा मंडल के अध्यक्ष लाल सिंह बड़वा ने बताया कि मंत्री दलाल खंड के गांव बड़वा के खाती कुम्हार धर्मशाला में सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली बी.सी.ए. की वर्चुअल रैली में भाग लेने आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री व डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा द्वारा बी.सी.ए. की लोगों को सरकार द्वारा चुनाव में 8 प्रतिशत आरक्षण देने के स्वागत में एक वर्चुअल रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत बी.सी.ए. के लोग गांव के धर्मशाला में इकट्ठे होंगे और वर्चुअल रैली का संबोधन सुनेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कृषि मंत्री भी इस रैली में गांव के लोगों के बीच में रहेंगे और खुद भी लोगों को भी संबोधित करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ...दैनिक भास्कर...

दिनांक 28.11.2020 पृष्ठ संख्या 2 कॉलम 6-7

## एचएयू के अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक का 29 नवंबर को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत आई है, जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ..... हरि: भूमि .....

दिनांक 29.11.2020 पृष्ठ संख्या 9 कॉलम 4-8

## कुलपति, डीसी व एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

# आज हकृवि में आएंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री एचएयू में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर आएंगे और उनका यहां दो घंटे का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को हकृवि कुलपति प्रोफेसर समर सिंह, उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी तथा एसपी बलवान सिंह राणा ने जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था व मुख्यमंत्री के लिए बनाए गए रूट का भी दौरा किया। कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले गिरी सेंटर में बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि करेंगे। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, खेल व युवा मामलों, प्रिंटिंग और स्टेशनरी के राज्य मंत्री संदीप सिंह व हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे जबकि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। सीएम पुराना राजकीय कॉलेज में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में शिरकत करेंगे।



हिसार। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था व कार्यक्रमस्थल का दौरा करते कुलपति प्रो. समर सिंह, डीसी डॉ. प्रियंका सोनी व एसपी बलवान सिंह राणा। फोटो: हरिभूमि

- गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैके और इंटरनेशनल साइंटिस्ट हॉस्टल का करेंगे उद्घाटन

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
### लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | **28.11.2020** | —— | -- |

**उपलब्धि** अब एचएयू के गिरी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हो सकेंगे तैयार

# अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार

- **मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को करेंगे उद्घाटन**

सच कहूँ/संदीप सिंहमार



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस ट्रैक को बनाने में 4 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत आई है जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है। इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इस ट्रैक में प्रयोग किया गया सभी सामान मेड इन यूरोप है जिसे इंग्लैंड से मंगवाया गया है। इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है।

### वर्ष 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथेटिक ट्रैक

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया था जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में अपनी तरह का पहला सिंथेटिक ट्रैक था। मौजूदा समय में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों को देखते हुए पहले वाला ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था। इसी लिए इस ट्रैक का जीर्णोर्धार किया गया है।

### वर्ल्ड एथेलेटिक्स संस्था से मिला क्लास-वन प्रमाण-पत्र

सहायक छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. सुशील लेगा के अनुसार इस समय जो सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथेलेटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि यह संघ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एथलेटिक्स खेलों के आयोजन, संचालन और उसमें भाग लेने वाले खिलाडि?ों के चयन संबंधी सभी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस ट्रैक में अब एथेलेटिक्स की खेल गतिविधियां जिनमें विभिन्न दौड़ जैसे बाधा दौड़, रिले दौड व फेंकने वाले खेल जिसमें चक्का फेंकना, भाला फेंकना, गोला फेंकना और कुदने वाले खेल जिसमें लंबी कूद, छोटी कूद शामिल हैं, आयोजित की जा सकेंगी।

### खिलाड़ियों को मिलेगा मौका : कुलपति

एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि गिरी सेंटर में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को ओर बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरी सेंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा। उन्होने बताया कि इस सिंथेटिक टैक का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन भी करेंगे। 50

#### साल बाद हुई गिरी सेंटर की फेस लिफ्टिंग

गिरी सेंटर के भवन की फेस लिफ्टिंग (रिनोवेशन), ट्रैक के अंदर वाले क्षेत्र में लगाई गई घास, रास्तों पर इंटरलॉकिंग टाइलें आदि पर करीब एक करोड़ रुपए की लागत आई है, जिसे विश्वविद्यालय ने अपने बजट से तैयार करवाया है। गिरी सेंटर के इस भवन का निर्माण आज से करीब 50 वर्ष पूर्व 1970 में किया गया था जब विश्वविद्यालय बना था। इसकी फेस लिफ्टिंग( रिनोवेशन), लैंड स्केपिंग व इंटरलॉक रास्ते बनाने से इसकी शोभा को चार चांद लग गए हैं और इसका लुक देखते ही बनता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | **28.11.2020** | —— | -- |


# मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को करेंगे गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 28 नवम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रूपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत आई है जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है। इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इस ट्रैक में प्रयोग किया गया सभी सामान मेड इन यूरोप है जिसे इंग्लैंड से मंगवाया गया है। इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है। सहायक छात्र कल्याण निदेशक(खेल) डॉ. सुशील लेगा के अनुसार इस समय जो सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है उसे अंतरराष्ट्रीय



मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथलेटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। एचएयू के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गिरी सेंटर में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को ओर बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरी सेंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि इस सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन भी करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | **27.11.2020** | —— | -- |

**एचएयू स्थित गिरी सेंटर में करीब पांच करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार, मुख्यमंत्री 29 नवंबर को करेंगे उद्घाटन**

# अब एचएयू के गिरी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हो सकेंगे तैयार

पांच बजे न्यूज



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत आई है जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है। इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इस ट्रैक में प्रयोग किया गया सभी सामान मेड इन यूरोप है जिसे इंग्लैंड से मंगवाया गया है। इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है।

**वर्ष 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथेटिक ट्रैक**

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया था जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में अपनी तरह का पहला सिंथेटिक ट्रैक था। मौजूदा समय में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों को देखते हुए पहले वाला ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था। इसी लिए इस ट्रैक का जीर्णोधार किया गया है।

**वर्ल्ड एथेलेटिक्स संस्था से मिला क्लास-वन प्रमाण-पत्र**

सहायक छात्र कल्याण निदेशक(खेल)डॉ. सुशील लेगा के अनुसार इस समय जो सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथेलेटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि यह संघ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एथलेटिक्स खेलों के आयोजन, संचालन और उसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन संबंधी सभी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस ट्रैक में अब एथेलेटिक्स की खेल गतिविधियां जिनमें विभिन्न दौड़ जैसे बाधा दौड़, रिले दौड व फेंकने वाले खेल जिसमें चक्का फेंकना, भाला फेंकना, गोला फेंकना और कुदने वाले खेल जिसमें लंबी कूद, छोटी कुद शामिल हैं, आयोजित की जा सकेंगी।

**50 साल बाद हुई गिरी सेंटर की फेस लिफ्टिंग**

गिरी सेंटर के भवन की फेस लिफ्टिंग(रिनोवेशन), ट्रैक के अंदर वाले क्षेत्र में लगाई गई घास, रास्तों पर इंटरलॉकिंग टाइलें आदि पर करीब एक करोड़ रूपये की लागत आई है, जिसे विश्वविद्यालय ने अपने बजट से तैयार करवाया है। गिरी सेंटर के इस भवन का निर्माण आज से करीब 50 वर्ष पूर्व 1970 में किया गया था जब विश्वविद्यालय बना था। इसकी फेस लिफ्टिंग(रिनोवेशन), लैंड स्केपिंग व इंटरलॉक रास्ते बनाने से इसकी शोभा को चार चांद लग गए हैं और इसका लुक देखते ही बनता है।

**खिलाड़ियों को मिलेगा मौका, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर कर सकेंगे अभ्यास : प्रो. समर सिंह**

एचएयू के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गिरी सेंटर में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को ओर बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरी सेंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा।

उन्होंने बताया कि इस सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन भी करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 27.11.2020 | —— | -- |


# एचएयू के गिरी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हो सकेंगे तैयार

## गिरी सेंटर में करीब पांच करोड़ की लागत से सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को करेंगे उद्घाटन

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थित गिरी सेंटर में अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। इसके लिए गिरी सेंटर में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रैक का उद्घाटन 29 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस ट्रैक को बनाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत आई है जिसके लिए अनुदान भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। यह राशि एचएयू की परिधि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है। इस ट्रैक को मुंबई की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज प्राइवेट



लिमिटेड कंपनी ने लगभग एक वर्ष में तैयार किया है। इस ट्रैक में प्रयोग किया गया सभी सामान मेड इन यूरोप है जिसे इंग्लैंड से मंगवाया गया है। इसका निर्माण भी विदेशी इंजीनियरों ने ही किया है।

### संस्था से मिला क्लास-वन प्रमाण-पत्र

सहायक छात्र कल्याण निदेशक(खेल)डॉ. सुशील लेगा के अनुसार इस समय जो सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया है उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसके लिए विश्व एथेलेटिक्स संघ ने क्लास-वन का प्रमाण-पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि यह संघ अंतरराष्टीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एथलेटिक्स खेलों के आयोजन, संचालन और उसमें भाग लेने वाले खिलाडि ?ं के चयन संबंधी सभी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस ट्रैक में अब एथेलेटिक्स की खेल गतिविधियां जिनमें विभिन्न दौड़ जैसे बाधा दौड़, रिले दौड व फेंकने वाले खेल जिसमें चक्का फेंकना, भाला फेंकना, गोला फेंकना और कूदने वाले खेल जिसमें लंबी कूद, छोटी कूद शामिल हैं, आयोजित की जा सकेंगी।

### 50 साल बाद हुई गिरी सेंटर की फेस लिफ्टिंग

गिरी सेंटर के भवन की फेस लिफ्टिंग(रिनोवेशन), ट्रैक के अंदर वाले क्षेत्र में लगाई गई घास, रास्तों पर इंटरलॉकिंग टाइलें आदि पर करीब एक करोड़ रूपये की लागत आई है, जिसे विश्वविद्यालय ने अपने बजट से तैयार करवाया है। गिरी सेंटर के इस भवन का निर्माण आज से करीब 50 वर्ष पूर्व 1970 में किया गया था जब विश्वविद्यालय बना था। इसकी फेस लिफ्टिंग(रिनोवेशन), लैंड स्केपिंग व इंटरलॉक रास्ते बनाने से इसकी शोभा को चार चांद लग गए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर कर सकेंगे अभ्यास : प्रो. समर सिंह

एचएयू के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गिरी सेंटर में बनाए गए अंतरराष्टीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक से अब खिलाड़ियों को ओर बेहतर करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं को ध्यान में रखकर अभ्यास कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व गिरी सेंटर के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि इस सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 नवंबर को यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का उद्घाटन भी करेंगे।

### वर्ष 1996 में बना था प्रदेश का पहला सिंथेटिक ट्रैक

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि इससे पहले वर्ष 1996 में गिरी सेंटर में सिंथेटिक ट्रैक बनाया गया था जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में अपनी तरह का पहला सिंथेटिक ट्रैक था। मौजूदा समय में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों को देखते हुए पहले वाला ट्रैक पुराना हो चुका था और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था। इसी लिए इस ट्रैक का जीर्णोंधार किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | **28.11.2020** | —— | -- |


# आज एचएयू में आएंगे मुख्यमंत्री, सिंथेटिक ट्रैक का करेंगे उद्घाटन

**पल पल न्यूजः हिसार, 28 नवंबर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि गिरी सेंटर में करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइंटिस्ट हॉस्टल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री एचएयू में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर आएंगे और उनका यहां दो घंटे का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह, उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी व एसपी बलवान सिंह राणा ने जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था व मुख्यमंत्री के लिए बनाए गए रूट का भी दौरा किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले गिरी सेंटर में बने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, खेल व युवा मामलों, प्रिंटिंग और स्टेशनरी के राज्य मंत्री संदीप सिंह व हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।